तापमान
अधिकतम 30 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि

रायपुर, बुधवार 1 जुलाई 2026

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड



10 पीएम आवास सूची में नाम नहीं, सैकड़ों महिलाओं ने...





12 गर्डर टूटने से 46 करोड़ की परियोजना पर उठे सवाल...




## खबर संक्षेप

### श्रवण बाधितार्थ बालिका विद्यालय में प्रवेश शुरू

**धमतरी।** शासकीय श्रवण बाधितार्थ बालिका विद्यालय धमतरी में कक्षा पहली से दसवीं तक की श्रवण बाधित दिव्यांग बालिकाओं को निःशुल्क आवासीय शिक्षण का लाभ दिया जा रहा है। संस्था के अधीक्षक ने बताया कि इस आवासीय विद्यालय में कक्षा पहली से आठवीं तक श्रवण बाधित दिव्यांग बालिकाओं का प्रवेश प्रारंभ है। प्रवेश के लिए 6 से 14 साल तक के आयु की दिव्यांग बालिकाएं आवेदन कर सकती हैं। इस संबंध में अधीक्षक श्रीमती उमा देवांगन, शाला प्रवेशांक प्रभारी बसंत कुमार साहू से सम्पर्क कर सकते हैं।

### अग्निवीरों का हुआ सम्मान

**धमतरी।** थल सेना भर्ती के लिए रवाना हो रहे फलेश सिन्हा (बठेना वार्ड) एवं डेविड नेताम (गट्टासिल्ली) के अग्निवीर में चयन होने पर शहर ब्लॉक अध्यक्ष गौतम वाधवानी ने दोनों युवाओं का श्रीफल एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यहां के युवा बड़ी संख्या में सेना भर्ती में शामिल होकर प्रदेश और देश का नाम रोशन कर रहे हैं। भारत माता की सेवा और देश की रक्षा का अवसर सौभाग्यशाली लोगों को मिलता है तथा सरहद पर विपरीत परिस्थितियों में मोर्चा संभालने वाले सैनिकों को पूरा देश सलाम करता है। वार्डवासियों ने ढोल-नगाड़ों के साथ उन्हें प्रशिक्षण के लिए विदाई दी। इस दौरान वार्ड पार्षद भारती साहू, जीवनलाल सिन्हा, सुशील, सेवकराम ध्रुव, ज्ञानचंद सिन्हा, चंदन रजक, हेमंत सिन्हा, अमर सिन्हा, शंकर माखीजा, अभिषेक गोयल, हेमंत यादव, गोलू पटेल सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य विभाग की टीम ने घर-घर पहुंचकर बच्चों को पिलाई पोलियो की दवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जिले में राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने दूसरे दिन भी घर-घर पहुंचकर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो रोधी खुराक पिलाई। अभियान का उद्देश्य जिले का कोई भी पात्र बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे।

स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने जिले के सभी विकासखंडों एवं शहरी क्षेत्रों में व्यापक भ्रमण किया। इस दौरान कुरूद में 26,225, मगरलोड में 22,355, गुजरा में 19,335, नगरी में 36,254 तथा धमतरी शहर में 25,612 घरों का सर्वे किया। घर-घर संपर्क अभियान के दौरान कुल 5,006 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। अभियान के तहत मलिन बस्तियों, ईंट-भट्टों और अन्य उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर वहां रहने वाले बच्चों तक पोलियो की दवा पहुंचाई गई, ताकि कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रहे।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि अभियान में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों के साथ मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं। सभी टीमें पूरी गंभीरता से कार्य कर रही हैं।

स्वास्थ्य विभाग ने अभिभावकों से अपील की है कि यदि किसी कारण से उनके ⏩ शेष पेज 10 पर

## जिले के सभी विकासखंडों में राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान



### जिला अस्पताल में 200 से अधिक बच्चों को मिली पोलियो की खुराक



जिले में तीन दिवसीय राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान चलाया गया। अभियान की शुरुआत शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र इतवारी बाजार में जनप्रतिनिधियों द्वारा की गई। जिला अस्पताल के ओपीडी भवन में 28 से 30 जून तक पल्स पोलियो काउंटर लगाया गया था। जहां से 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को रोग से सुरक्षित रखने पोलियो की खुराक दी गई। अभियान के प्रथम दिवस जिला अस्पताल के पल्स पोलियो काउंटर में 147 बच्चों को पोलियो की खुराक दी गई। इसी तरह दूसरे दिन 20 व तीसरे दिन 47 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। पल्स पोलियो काउंटर में यूपीएचसी के स्टाफ नर्स व जिला अस्पताल के हेल्प डेस्क सेंटर में फैसिलिटैटर की ड्यूटी लगाई गई थी।

## ग्राम पंचायत कोलियारी में 50 मकानों को हटाने इश्तहार जारी

# नकटी गांव की कहानी धमतरी में भी दोहराने की तैयारी

- ग्रामीणों और राजस्व विभाग के बीच हुई तीखी नोकझोंक

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

नकटी गांव की तर्ज पर जिला प्रशासन ने कोलियारी में अतिक्रमण हटाने की कोशिश शुरू कर दी है। इस मुद्दे को लेकर ग्रामीणों और अधिकारियों के बीच जमकर बहस हुई। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन कार्रवाई करता है तो वे उग्र आंदोलन करेंगे।

नया रायपुर के नकटी गांव में विधायकों के लिए मकान बनाने के लिए 80 मकानों को तोड़ दिया गया, जिसे लेकर पूरे प्रदेश में सरकारी तंत्र के खिलाफ माहौल बना हुआ है। नकटी गांव की आग शांत नहीं हुई है कि इधर उसी कार्रवाई की तर्ज पर धमतरी के ग्राम पंचायत कोलियारी में अतिक्रमण हटाने की तैयारी शुरू कर दी है। राजस्व विभाग ने इश्तहार जारी कर यहां के 50 से अधिक मकानों को खाली करने अल्टीमेटम दिया है। मंगलवार को इसी सिलसिले में राजस्व विभाग की टीम कोलियारी पहुंची थी, जहां पर ग्रामीणों और राजस्व टीम के बीच तीखी बहस और नोकझोंक हुई और माहौल गर्म हो गया। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन की यह कार्रवाई पूरी तरह गलत है।



### सरकारी भवन का दुरूपयोग

ग्रामीणों ने बताया कि गांव में बाढ़ आपदा के लिए भवन बना हुआ है। इस भवन को किराए पर एक निजी संस्था को दे दिया गया है। ग्रामीणों के मकानों को तोड़कर सरकारी भवन बनाने की प्लानिंग है। इसके लिए राजस्व विभाग दबाव बनाकर लोगों को उनके घरों से हटाने की कोशिश कर रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि यदि एक भी मकान टूटता है तो वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

### अतिक्रमण कर बने हैं 50 से ज्यादा मकान

राजस्व विभाग का कहना है कि संबंधित भूमि पर 50 से अधिक मकान अतिक्रमण कर बनाए गए हैं। नियमानुसार अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया के तहत संबंधित लोगों को घर खाली करने का नोटिस और अल्टीमेटम दिया गया है। नोटिस मिलने के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए और कार्रवाई का विरोध जताने लगे। राजस्व अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि संबंधित लोगों को जल्द से जल्द अतिक्रमित भूमि खाली करने के निर्देश दिए गए हैं।

# शराब पार्टी में खूनी संघर्ष : मुरुम, पत्थर और बल्ली से कुचलकर युवक की बेरहमी से हत्या

- ग्राम डाही में सनसनीखेज वारदात
- 2 नाबालिग समेत 8 संदेही हिरासत में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

नगरी क्षेत्र के हत्याकांड की स्याही अभी सूखी भी नहीं थी कि कुरूद थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम डाही में एक और दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। शराब के नशे में हुए मामूली विवाद ने इस कदर तूल पकड़ा कि दोस्तों ने ही अपने एक साथी की मुरुम, पत्थर और लकड़ी की बल्ली से ताबड़तोड़ वार कर निर्मम हत्या कर दी। मृतक की पहचान बोर खनन श्रमिक हुलासराम मंडावी (32 वर्ष) के रूप में हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की रात करीब 8 से 9 बजे के बीच ग्राम डाही के शीतला माता मंदिर के पास मोबाइल टॉवर के नजदीक बगदेही रोड पर कुछ युवक शराब पी रहे थे। इसी दौरान वहां से गुजर रहा हुलासराम मंडावी भी रुक गया और उसने युवकों से शराब का जुगाड़ करने की बात कही। युवकों ने उसे अपने साथ बैठाकर शराब पिलाई, लेकिन नशा चढ़ते ही हुलास और अन्य युवकों के बीच किसी बात को लेकर गाली-गलौज शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया।



### सिर और चेहरे को बुरी तरह कुचला

आरोप है कि तैश में आकर एक युवक ने पास ही पड़ी लकड़ी की भारी बल्ली और दूसरे ने मुरुम, पत्थर से हुलास के सिर और चेहरे पर लगातार कई वार किए। बाकी युवकों ने उसे लात-घूसों से जमकर पीटा। हमले में हुलास का चेहरा बुरी तरह कुचल गया और अत्यधिक खून बह जाने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वारदात को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए।

### पुलिस की त्वरित कार्रवाई, 8 हिरासत में

घटना की भनक लगते ही गांव के कोटवार ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीओपी रागिनी मिश्रा, सीएसपी अभिषेक चतुर्वेदी, टीआई अवध राम साहू सहित साइबर सेल और एफएसएल की टीम देर रात ही मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घेराबंदी कर रात में ही रोशन ध्रुव, अमन ध्रुव, मुकेश यादव, चंद्रशेखर पटेल, रवि पटेल, सागर मरकाम और दो नाबालिगों को हिरासत में ले लिया। फिलहाल पुलिस शव का पोस्टमार्टम कराकर आरोपियों से कड़ाई से पूछताछ कर रही है। जल्द ही मामले का आधिकारिक खुलासा किया जाएगा।

# तीन युवकों ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

- मकेश्वर वार्ड के दो व अछोटा के एक युवक ने दी जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

अलग-अलग घटनाओं में मकेश्वर वार्ड के दो युवक व अछोटा के एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।

मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय मकेश्वर वार्ड निवासी संजू कुमार साहू पिता माखन उम्र 25 वर्ष ई-रिक्शा चलाने का काम करता था। युवक सोमवार की शाम घर से निकला था जिसने वार्ड के अंतिम छोर पर स्थित गंगा इमली के पेड़ में टेंट में लगने वाले कपड़े का फंदा बना फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मंगलवार की सुबह युवक को फंदे पर लटका देख परिजनों को जानकारी हुई। घटना की सूचना सिटी कोतवाली को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा की कार्रवाई कर शव को वरदान संस्था की एम्बुलेंस से पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। बताया जाता है कि युवक घर का अकेला कमाऊ सदस्य था।



आत्महत्या की दूसरी घटना ग्राम अछोटा की है। अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम अछोटा निवासी गोपाल यादव उम्र 27 वर्ष ट्रैक्टर चलाने का काम करता था। युवक ने मंगलवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इसी तरह आत्महत्या की तीसरी घटना में संबलपुर के बोड़रा मार्ग में रेलवे क्रासिंग के पास मकेश्वर वार्ड के अरविन्द चतुर्वेदी उम्र 23 वर्ष ने पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर अर्जुनी पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा की कार्रवाई की। सूचना पर वरदान परमार्थ संस्था के शिवा प्रधान, गजानंद विश्वकर्मा एवं उसकी टीम ने तीनों घटनास्थल पहुंच शवों को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया जिसमें से एक शव का दोपहर से पहले पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया। एक के बाद एक तीन युवकों की आत्महत्या की घटना ने लोगों को झकझोर दिया है।

### पोस्टमार्टम कराने डॉक्टर का इंतजार करते रहे परिजन

जिला अस्पताल के मर्च्यूरी के बाहर मृतक के परिजन शवों का पोस्टमार्टम कराने डॉक्टर का घंटों इंतजार करते रहे लेकिन पोस्टमार्टम के लिये जिनकी ड्यूटी लगी थी, वह डॉक्टर नहीं पहुंचा। परिजनों ने अन्य डॉक्टर से निवेदन किया जिस पर दूसरा डॉक्टर पोस्टमार्टम करने मर्च्यूरी पहुंचा।

# सरकारी अंग्रेजी स्कूल एक शिक्षक के भरोसे

- विषयवार अध्यापन के लिए चार शिक्षकों की मांग


हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

गोकुलपुर वार्ड में संचालित शासकीय माध्यम शाला अंग्रेजी माध्यम (सीबीएसई) में शिक्षकों की कमी की शिकायत की गई है। मंगलवार को पालक और विद्यार्थियों ने कलेक्टर जनदर्शन पहुंचकर शिकायत आवेदन में कहा है कि यह विद्यालय एकल शिक्षक के माध्यम से संचालित हो रहा है। एक ही शिक्षक द्वारा शासकीय तथा अध्यापन कार्य कराया जा रहा है जिससे विद्यार्थियों की विषयवार पढ़ाई नहीं हो पा रही है। पालकों ने विद्यालय में विषयवार शिक्षक व्यवस्था के लिए चार शिक्षकों की मांग की है।

इधर शिक्षा विभाग का कहना है कि यह स्कूल सेंट्रल से संचालित हो रहा है, इसलिए राज्य शासन के स्कूलों से शिक्षक की व्यवस्था नहीं कराई जा सकती है। ज्ञापन सौंपने वालों में संगीता यादव, सोनी नेताम, हितेश्वरी देवांगन, मनीषा पटेल सहित स्कूल के विद्यार्थी शामिल थे।



# दो सड़क हादसे : बाइक सवार की मौत





- दूसरी घटना में बस की टक्कर से ऑटो पलटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

भखारा थाना क्षेत्र के सेमरा मोड़ के पास हुए सड़क हादसे में एक बाइक सवार की मौत हो गई, जबकि एक अन्य हादसे में बड़ी जनहानि टल गई। पुलिस ने दोनों ही मामलों की जांच शुरू कर दी है।

पहली घटना भखारा थाना क्षेत्र के सेमरा मोड़ के पास हुई। यहां अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मृतक का सिर गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया।

पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान धनेश्वर साहू उम्र 22 वर्ष ग्राम बोरेन्दा निवासी के रूप में हुई है। दुर्घटना में मोबाइल फोन भी क्षतिग्रस्त हो गया है जिसके कारण मृतक की पहचान करने में काफी दिक्कत हुई। पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर शव की पंचनामा कार्रवाई कर पोस्टमार्टम लिए भिजवा दिया है।

इसी सेमरा मोड़ पर एक अन्य घटना में बस की टक्कर से ऑटो पलट गया। बताया जा रहा है कि ऋतुराज बस ने पीछे से ऑटो को टक्कर मारी, जिससे ऑटो सड़क पर पलट गया। हालांकि ऑटो चालक सुरक्षित बच गया।

एक ही दिन में दो हादसों के बाद क्षेत्र में सड़क सुरक्षा को लेकर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों ने सेमरा मोड़ को दुर्घटना संभावित क्षेत्र बताते हुए सुरक्षा इंतजाम बढ़ाने की मांग की है। पुलिस मामलों की जांच कर रही है।

## सार्थक स्कूल के छात्र ने किया प्रदेश का नाम रोशन

# स्पेशल ओलंपिक की भारतीय टीम में खेलेंगे सत्यांशु

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

स्पेशल ओलंपिक की भारतीय टीम में स्थान बनाकर धमतरी के सत्यांशु दीप ने पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया है। वे 12 से 16 जुलाई तक स्वीडन में आयोजित होने वाली अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

सत्यांशु दीप की इस उपलब्धि ने न केवल उनके परिवार और विद्यालय का सम्मान बढ़ाया है, बल्कि पूरे धमतरी जिले और छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित किया है। विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की प्रतिभा और क्षमता का यह उत्कृष्ट उदाहरण है, जो बताता है कि सही मार्गदर्शन, प्रशिक्षण और अवसर मिलने पर वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बना सकते हैं। सत्यांशु दीप सार्थक स्कूल के छात्र हैं।

विद्यालय प्रबंधन के अनुसार सत्यांशु ने निरंतर अभ्यास, अनुशासन और खेल के प्रति समर्पण के बल पर भारतीय टीम में अपनी जगह बनाई है। उनके शानदार प्रदर्शन और मेहनत का ही परिणाम है कि उन्हें देश का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला है। उनकी यह सफलता अन्य विशेष बच्चों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगी। इससे यह संदेश जाता है कि कठिन परिश्रम और आत्मविश्वास के साथ किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।



### कलेक्टर ने दी शुभकामनाएं

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने सत्यांशु दीप की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें, उनके माता-पिता, प्रशिक्षकों, विद्यालय परिवार और समाज कल्याण विभाग को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह सफलता सत्यांशु की कड़ी मेहनत, लगन और खेल के प्रति समर्पण का परिणाम है। कलेक्टर ने विश्वास जताया कि सत्यांशु स्वीडन में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर भारत, छत्तीसगढ़ और धमतरी का नाम विश्व स्तर पर रोशन करेंगे। समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों, विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों एवं प्रशिक्षकों ने सत्यांशु को शुभकामनाएं दी हैं।

### समावेशी शिक्षा और खेल संस्कृति को मिलेगा बढ़ावा

सत्यांशु दीप का अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन जिले में समावेशी शिक्षा, खेल संस्कृति और दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। जिलेवासियों को उनसे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है और सभी की शुभकामनाएं उनके साथ हैं। स्वीडन में होने वाली इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में सत्यांशु दीप का प्रदर्शन न केवल धमतरी बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का विषय होगा।


अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI DAGANIA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A.* (Computer) 1 Year (10th Pass)
अग्रसेन एजुकेशन केम्पस, ग्राम -डगनिया, दुर्ग-बलोद मेन रोड, तह. गुण्डरदेही, जिला-बालोद (छ.ग.)
89595-93937 • 89595-44444

# किसानों को अच्छी बारिश का है बेसब्री से इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

इस साल मानसून की बेरुखी से चिंतित नगरी अंचल के किसानों एवं ग्रामीणों को सुबह शाम बारिश के बाद राहत की उम्मीद दिखाई देने लगी है। लंबे इंतजार के बाद बारिश की दस्तक ने गांवों में खेती-किसानी की गतिविधियों को गति दे दी है। खेतों में किसान पहुंचने लगे हैं और खरीफ फसल की तैयारी शुरू कर दी।

हालांकि शुरुआती दौर में अपेक्षित बारिश नहीं होने के कारण इस बार खेती का काम अब तक सामान्य गति नहीं पकड़ पाया है। यहां की अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से कृषि पर निर्भर है। यहां हजारों किसान बारिश के पानी के भरोसे धान सहित अन्य खरीफ फसलों की खेती करते हैं।

मानसून की देरी और कम बारिश के कारण खेतों की तैयारी और बुवाई का काम प्रभावित हुआ है। किसान लंबे समय से आसमान की ओर टकटकी लगाए बैठे थे।

हाल के दिनों में हुई बारिश से मिट्टी में नमी बढ़ी है और किसानों ने खेतों की ओर रुख करना शुरू कर दिया है।

### लगातार बारिश हुई तो पटरी पर लौट सकती है खरीफ की खेती





### नजरें अब भी आसमान पर

कम बारिश की स्थिति लंबे समय तक बनी रही तो इसका असर उत्पादन पर भी पड़ सकता है। ग्रामीण क्षेत्र में किसान अब अच्छी बारिश की उम्मीद लगाए बैठे हैं। उनका कहना है कि शुरुआती देरी के बाद यदि लगातार बारिश होती है तो खेती का नुकसान काफी हद तक संभाला जा सकता है। मानसून ने भले ही दस्तक दे दी है, लेकिन किसानों की उम्मीदें अभी पूरी तरह बादलों पर टिकी हैं। ग्रामीणों को भरोसा है कि आने वाले दिनों में पर्याप्त बारिश होगी और खेतों में फिर हरियाली लौटेगी। फिलहाल नगरी अंचल के किसान पूरी तैयारी के साथ खरीफ सीजन को संभालने में जुट गए हैं।

## खबर संक्षेप

### जर्जर बिजली पोल को बदलने की मांग



**डांडेसरा(धमतरी)।** ग्राम डांडेसरा के वार्ड क्रमांक 10 में एक बिजली खम्भा जर्जर स्थिति में है। ग्रामीणों द्वारा बिजली कार्यालय कुरूद में सूचना दिए करीब 3 माह हो चुके हैं, मगर अभी तक बिजली खम्भा को बदला नहीं गया है। अगर खम्भा को जल्द नहीं बदला गया तो आगे चलकर लोगों के जान-माल की हानि होगी। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द नया बिजली खम्भा लगाने की मांग की है।

## निधन

### गैंदसिंग ध्रुव



**मगरलोड।** ग्राम परसवानी निवासी गैंदसिंग ध्रुव उम्र 31 वर्ष का आकस्मिक निधन 28 जून रविवार को हो गया। वे बलदाऊ ध्रुव के पुत्र थे। उनके अंतिम संस्कार में सामाजिकजन एवं ग्रामवासी शामिल हुए।

### मंगतूराम मरकाम



**नगरी।** ग्राम कोहिनपारा गट्टासिल्ली निवासी सेवानिवृत्त वनपाल मंगतूराम मरकाम का 29 जून को 82 वर्ष की आयु में आकस्मिक निधन हो गया। स्व. मरकाम अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए। वे रामभुवन मरकाम एवं सुनीता ध्रुव व्याख्याता के पिता एवं गंगा मरकाम आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, बिंदा मरकाम भृत्य तथा डोमार सिंह ध्रुव ब्लॉक संयोजक छग कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन नगरी के ससुर थे।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### स्वास्थ्य विभाग की ...

0 से 5 वर्ष तक के बच्चे को अभी तक पोलियो की खुराक नहीं मिल पाई है, तो वे स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं से संपर्क कर बच्चों को अनिवार्य रूप से पोलियो की दवा पिलाएं। नियमित टीकाकरण के साथ पल्स पोलियो अभियान की खुराक भी बच्चों को पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने के लिए बेहद जरूरी है।

### व्यवस्था संभालने के लिए पुलिस रही तैनात

# पीएम आवास सूची में नाम नहीं, सैकड़ों महिलाओं ने जनपद में किया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड



प्रधानमंत्री आवास योजना केंद्र एवं राज्य सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है जिसका उद्देश्य कच्चे मकानों में रहने वाले आवासहीन परिवारों को पक्का मकान उपलब्ध कराना है। इसी तारतम्य में पिछले चार माह पूर्व जनपद पंचायत एवं ग्राम पंचायत स्तर पर सर्वे कर ऑनलाइन जानकारी भेजने के निर्देश दिए गए थे। सभी गांवों में प्रधानमंत्री आवास का सर्वे करने अभियान चलाया गया था। एक सप्ताह पूर्व जनपद पंचायत मगरलोड द्वारा सभी 65 ग्राम पंचायतों के सचिवों को आवास पात्र हितग्राहियों की सूची प्रदान कर ग्राम सभा में अनुमोदन करने हेतु आदेशित किया गया था।

प्रधानमंत्री आवास शाखा प्रमुख प्रसन कुमार दुबे से प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखंड मगरलोड की 65 ग्राम पंचायतों से 17,000 आवास आवेदकों का सर्वे किया गया था, जिसमें से 13,430 पात्र हितग्राहियों की सूची प्राप्त की गई है, जबकि शेष 3,570 हितग्राहियों के नाम पात्र हितग्राही सूची में नहीं हैं।

इस विषय को लेकर ग्राम पंचायत मोहंदी, छिपली, डुमरपाली और कोरगांव से आये सैकड़ों महिलाओं ने जनपद कार्यालय में जमकर हंगामा किया। महिलाओं का कहना है कि गरीब पात्र लोगों के नाम आवास सूची से क्यों हटाए गए ? इसका क्या कारण है ? संपन्न लोगों के नाम आवास की पात्रता सूची में शामिल किया गया है। गरीबों के साथ अन्याय हो रहा है।

प्रधानमंत्री आवास शाखा प्रमुख ने बताया कि आवास की पात्रता सूची में नाम नहीं आने वाले लोगों की सूची प्राप्त होने पर इसे सार्वजनिक किया जाएगा। नाम कटे हितग्राही द्वारा लिखित आवेदन जमा करने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## दुर्गेश बने दुग्ध समिति छाती के अध्यक्ष



**पुरी।** दुग्ध समिति छाती की कार्यकारिणी का निर्विरोध निर्वाचन हुआ। निर्वाचन अधिकारी उपपंजीयक सानू प्रसाद थे। अध्यक्ष दुर्गेश बघेल, उपाध्यक्ष आनंद मधु बनाए गए। सदस्यों में देवश्री साहू, प्रभा यादव, भानुमति साहू, गीतेश्वरी कंवर, गितेश चंद्राकर, रामलाल पाल, कमला चंद्राकर, दिनेश्वरी चंद्राकर शामिल है। ज्ञात हो कि उक्त समिति की स्थापना में नरेंद्र साहू व्यवस्थापक का विशेष सहयोग रहा है। सुबह शाम मिलाकर कुल 250 से 300 लीटर प्रतिदिन दूध की खरीदी हो रही है। नगद में भी दूध की बिक्री की जाती है। ग्राम छाती सहित आसपास के पशुपालक दूध बिक्री कर लाभ ले रहे हैं। इससे निरंतर किसानों की आय में वृद्धि हो रही है। इससे सहकार से समृद्धि आ रही है। यह जानकारी समिति के सचिव अनिल चंद्राकर ने दी है।

## 420 बच्चों को पिलाई गई पोलियो की खुराक

- नगर पंचायत करेली बड़ी-खट्टी में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड





नगर पंचायत करेली बड़ी-खट्टी में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत विशेष टीकाकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान के दौरान कुल 420 बच्चों को पोलियो से बचाव की दो बूंद दवा पिलाई गई और पहचान के लिए उनकी उंगली पर मार्किंग की गई।

मितानिन मिनेश्वरी साहू और भुनेश्वरी साहू ने जानकारी दी कि 28 जून को आयोजित इस अभियान अंतर्गत बच्चों को तीन प्रमुख स्थान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, गांधी चौक शिव मंदिर के समीप पर स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टरों के मार्गदर्शन में दवा पिलाई गई। इस आयोजन में कोमल साहू, बीरेंद्र साहू और विक्की साहू की भागीदारी रही। मितानिन ने बताया कि पोलियो ड्रॉप्स 0 से 5 वर्षों के बच्चों में पोलियो जैसी गंभीर और अपंग बना देने वाली बीमारी से सुरक्षित रखती है। बच्चों का समय पर टीकाकरण न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह पोलियो के प्रसार को रोकने और समाज को पोलियोमुक्त रखने में मदद करता है। यह दवा बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित करने में सहायक है।

## अंचल की खबरें

### भोथीडीह सोसाइटी में सहकारी सप्ताह मना



**मगरलोड।** ग्रामीण सोसाइटी भोथीडीह में सहकारी सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मोहन ध्रुव पूर्व अध्यक्ष मेघा समिति थे। अध्यक्षता शत्रुघ्न साहू भोथीडीह अध्यक्ष ने की। विशिष्ट अतिथि यीशु कुमार साहू पूर्व सरपंच कमरौद, पूर्व सरपंच भोथीडीह एवनलाल साहू, समिति प्रबंधक ईश्वर सिन्हा थे।

### बच्चों को पिलाई गई पल्स पोलियो की दवा



**नगरी।** नगर पंचायत नगरी वार्ड क्रमांक 15 में पार्षद हरीश साहू ने बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक दी। आंगनबाड़ी केंद्र एवं शासकीय माध्यमिक शाला दुर्गा चौक नगरी में पार्षद एवं नेता प्रतिपक्ष हरीश साहू द्वारा बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलाई गई। मौके पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुलोचना साहू, अमृता लोहारिया, गुलेशरी सोम एवं तहसील साहू समाज के संचालक मंडल के अध्यक्ष अनिरुद्ध साहू, नवीन साहू, पन्नालाल साहू उपस्थित थे।

### राजपुर नवाडीह स्कूल में मना शाला प्रवेशोत्सव



**मगरलोड।** शासकीय प्राथमिक शाला नवाडीह राजपुर स्कूल में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। नवप्रवेशी छात्रों का गुलाल लगाकर स्वागत तथा निःशुल्क पाठ्य पुस्तक का वितरण किया गया। इस दौरान पालक समिति अध्यक्ष देवनारायण साहू, उपाध्यक्ष तेजराम सिन्हा, सोमनाथ यादव, सचिव लेखराम सिन्हा, प्रधानपाठक मोहनलाल साहू, शिक्षक सियाराम साहू, शिक्षिका अन्नू ध्रुव उपस्थित थे।

### मेधावी बच्चों को मोमेंटो देकर किया सम्मानित



**नगरी।** शासकीय माध्यमिक शाला आमाली में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। विद्यालय परिसर में बच्चों द्वारा सेल्फी जोन का निर्माण किया गया जो आकर्षक रहा। बच्चों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तक एवं शैक्षणिक सामग्री प्रदान कर मुंह मीठा कर खीर पूड़ी खिलाई गई। इस अवसर पर सरपंच हिरोंदी बाई ध्रुव एवं रोहित कुमार देव ने राष्ट्रीय छात्रवृत्ति के लिए चयनित शालिनी देव ,भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में ब्लॉक में द्वितीय स्थान वैशाली नाग, फरसियां जोन में लीना साहू एवं प्रतिभावान छात्राओं कामिनी ध्रुव, दक्षिता ध्रुव को मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रधानपाठक हर्षलता साहू ने बच्चों को प्रतियोगी परीक्षा के लिए अनुशासित रूप से तैयारी कर निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर उपसरपंच जीतबाई सेन ,शाला विकास समिति के पदाधिकारी अमृत बाई, रोहिणी सेन, धर्मिन बाई, चेतन कुंजाम, लक्की साहू, पीयूष साहू समेत शिक्षकगण लक्ष्मी साहू, शतरूपा नाग, गंगा नवरंग, श्वेता सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका सुश्री चंद्र कुमारी नवरंगे ने किया।

# सहकार से समृद्धि की दिशा में बढ़ रहा सहकारिता आंदोलन : निरंजन








- जुगदेही में सहकारिता सप्ताह का हुआ आयोजन
- किसानों को जैविक खेती और ड्रोन तकनीक की मिली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय के 5 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रदेश के सभी पैक्स एवं जिलों में 29 जून से 6 जुलाई तक सहकारिता सप्ताह-2026 का आयोजन किया जा रहा है। सहकार से समृद्धि थीम पर आयोजित इस अभियान के तहत प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति जुगदेही में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित रायपुर के अध्यक्ष निरंजन सिन्हा ने सहकारी ध्वज फहराकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कर्मचारियों को सहकार से समृद्धि की प्रतिज्ञा दिलाई गई। अध्यक्षता जनपद पंचायत कुरुद अध्यक्ष गीतेश्वरी हेमंत साहू ने की।

जनपद अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू ने किसानों को भारत का भाग्य विधाता बताते हुए समितियों से जुड़ने की अपील की। प्राधिकृत अधिकारी भोला राम साहू ने सोसाइटी की सुविधाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर जिला सहकारी बैंक कोर्रा के प्रबंधक महेंद्र सिंह गौर, सह प्रबंधक ललित मानिकपुरी, भाजपा किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष चोवाराम गंजीर, प्राधिकृत अधिकारी नंदकुमार साहू, संतोष यादव, किशोरराम साहू, प्रगतिशील कृषक फनेन्द्र सिन्हा, लेखराम सिन्हा, यशवंत शुक्ला, चंद्रभान चक्रधारी, रामकृष्ण साहू, समिति प्रबंधक जुगदेही अंकित कश्यप सहित कृषक एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### सहकारिता से मजबूत होगा किसान और गांव

मुख्य अतिथि श्री सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सहकारिता को नया आयाम मिला है। सहकारिता मंत्रालय के गठन के बाद यह आंदोलन गांव-गांव तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि सहकारिता केवल खाद-बीज और धान खरीदी तक सीमित नहीं है, बल्कि पशुपालन, मत्स्य पालन, बकरी पालन सहित कई क्षेत्रों में किसानों को आर्थिक मजबूती देने का माध्यम है उन्होंने सहकारिता सप्ताह के दौरान होने वाले जागरूकता अभियान, पौधरोपण, स्वच्छता अभियान, संगोष्ठी, प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह की जानकारी दी।

### किसानों को मिला ऋण लाभ

कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिकों ने उन्नत खेती, जैविक खाद और मिट्टी की उर्वरता संबंधी जानकारी दी। मुख्य अतिथि निरंजन सिन्हा ने 8 किसानों को पशु चारा एवं तार फेसिंग के लिए करीब सवा 9 लाख रुपये के ऋण वितरित किए। किसानों से जैविक एवं प्राकृतिक खेती अपनाने का आह्वान किया। ड्रोन स्प्रेयर प्रदर्शन का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक से समय, श्रम और लागत की बचत होगी। सहकारी बैंक किसानों का अपना बैंक है, जो ऋण एवं अन्य योजनाओं के माध्यम से किसानों को आगे बढ़ा रहा है।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
- गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
- एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
- सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
- बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाइड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
- आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
- TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें 9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

Pride of Dhamtari

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH) नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद) मो. 9981321524 / 7223011528

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जौजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201



# राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस

एक डॉक्टर को कभी भी आपकी जाति या धर्म से मतलब नहीं होता उसके लिए सभी एक समान होते हैं

## डॉ. रॉय को यादगार के रूप में मनाते है डॉक्टर्स-डे

राष्ट्रीय चिकित्सीय दिवस के रुप में हर वर्ष 1 जुलाई को पहचान और मनाये जाने के लिये 1991 में भारतीय सरकार द्वारा डॉक्टर दिवस की स्थापना हुई थी। भारत के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ बिधान चन्द्र रॉय (डॉ.बी.सी.रॉय) को श्रद्धांजलि और सम्मान देने के लिये 1 जुलाई को उनकी जयंती और पुण्यतिथि पर इसे मनाया जाता है। 4 फरवरी 1961 में उन्हें भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से नवाजा गया। उनका जन्म 1 जुलाई 1882 को बिहार के पटना में हुआ था। रॉय साहब ने अपनी डॉक्टरी की डिग्री कलकत्ता से पूरी की और 1911 में भारत लौटने के बाद अपनी एमआरसीपी और एफआरसीएस की डिग्री लंदन से पूरी की और उसी वर्ष से भारत में एक चिकित्सक के रुप में अपने चिकित्सा जीवन की शुरूआत की। बाद में उन्होंने कलकत्ता मेडिकल कॉलेज से एक शिक्षक के रुप में जुड़ गये और इसके बाद वो कैंपबेल मेडिकल स्कूल गये और उसके बाद कारमाईकल मेडिकल कॉलेज से जुड़ गये। वो एक प्रसिद्ध चिकित्सक थे और नामी शिक्षाविद् होने के साथ ही एक स्वतंत्रता सेनानी के रुप में सविनय अवज्ञा आंदोलन के दौरान महात्मा गांधी से जुड़े। बाद में वो भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेता बने और उसके बाद पश्चिम बंगाल के मुख्य मंत्री बने। इस दुनिया में अपनी महान सेवा देने के बाद 80 वर्ष की आयु में 1962 में अपने जन्मदिवस के दिन ही उनकी मृत्यु हो गयी। उनको सम्मान और श्रद्धंजलि देने के लिये वर्ष 1976 में उनके नाम पर डॉ.बी.सी. रॉय राष्ट्रीय पुरस्कार की शुरूआत हुई।












# वीबी-जी राम जी : आज से ग्रामीण विकास को मिलेगी नई रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

विकसित भारत-रोजगार और आजीविका के लिये गारंटी मिशन (ग्रामीण) (वीबी-जी राम जी) का शुभारंभ आज 2 जुलाई को देशभर में एक साथ किया जाएगा। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्तर का जन सम्मेलन-सह-शुभारंभ कार्यक्रम आंध्रप्रदेश के तिरुपति में प्रातः 11 बजे आयोजित होगा जिसमें केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री की अध्यक्षता में योजना का औपचारिक शुभारंभ किया जाएगा। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ सहित सभी राज्यों एवं जिलों में राज्यस्तरीय और जिला स्तरीय जन सम्मेलन-सह-शुभारंभ कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिला स्तरीय कार्यक्रम जिला पंचायत धमतरी के सभाकक्ष में आयोजित है। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित समारोह से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीधा प्रसारण किया जाएगा जिससे जिले के प्रतिभागी केंद्रीय नेतृत्व के संबोधन एवं कार्यक्रम की गतिविधियों से जुड़ सकेंगे। चयनित लाभार्थियों एवं श्रमिकों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संवाद का अवसर भी मिलेगा। इस दौरान योजना अंतर्गत स्वीकृत एक या अधिक विकास कार्यों का शुभारंभ किया जाएगा। साथ ही विकसित ग्राम पंचायत योजना तथा प्रस्तावित विकास कार्यों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। सूचना, शिक्षा एवं संचार गतिविधियों के तहत पोस्टर, बैनर, स्टैंडी तथा सूचना पैनलों के माध्यम से योजना की प्रमुख विशेषताओं और लाभों की जानकारी दी जाएगी। सफल हितग्राहियों की प्रेरक कहानियों तथा ग्राम स्तर पर किए गए समन्वित विकास कार्यों का भी प्रदर्शन किया जाएगा।

## विकसित भारत-रोजगार और आजीविका के लिये गारंटी मिशन (ग्रामीण) का शुभारंभ


फाइल फोटो

### ग्रामीण अधोसंरचना होगी मजबूत

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ गजेन्द्रसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में व्यापक तैयारियां की जा रही है ताकि योजना की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाई जा सके और ग्रामीणों को इसके लाभों से अवगत कराया जा सके। योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों को सुदृढ़ करना, आजीविका के स्थायी साधनों का विकास करना तथा ग्रामीण अधोसंरचना को मजबूत बनाना है।

## खबर संक्षेप

### ब्राह्मण समाज ने उठाई न्याय की मांग, राष्ट्रपति के नाम भेजा ज्ञापन



**भानुप्रतापपुर।** बिहार में भरत तिवारी की हत्या के विरोध में सर्व ब्राह्मण समाज भानुप्रतापपुर ने राष्ट्रपति के नाम अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भानुप्रतापपुर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में समाज ने घटना पर गहरा आक्रोश जताते हुए आरोपित पुलिसकर्मियों के विरुद्ध निष्पक्ष जांच कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की और साथ ही मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा एवं न्याय दिलाने की मांग भी की गई। समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने वाले व्यक्ति की हत्या बेहद निंदनीय है तथा दोषियों को शीघ्र कठोर दंड मिलना चाहिए।

### परिजनों को मिली 50 हजार की अनुग्रह सहायता



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के शासकीय प्राशा सराधुघमरे में पदस्थ दिवंगत प्रधान पाठक आनंद राम जाड़े के आकस्मिक निधन के बाद शासन द्वारा स्वीकृत 50 हजार की अनुग्रह सहायता राशि उनके परिजनों को प्रदान की गई। खंड शिक्षा कार्यालय दुर्गुकोंदल में आयोजित संक्षिप्त कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी विप्लव डे ने दिवंगत शिक्षक की धर्मपत्नी यमुना बाई जाड़े को सहायता राशि का चेक सौंपा। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी ने स्वर्गीय आनंद राम जाड़े के शिक्षा क्षेत्र में दिए गए योगदान को याद करते हुए कहा कि उनका निधन शिक्षा जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए विभाग की ओर से हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

### मुख्यमंत्री हेल्पलाइन शिकायतों पर करें कार्रवाई

**कोण्डागांव।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई ने समय–सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं विकास कार्योर् की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को लंबित मामलों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों की विभागवार समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि सभी शिकायतों का संवेदनशीलता एवं प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण किया जाए। सीईओ ने बस्तर मुन्ने अभियान के तहत हितग्राहियों की जानकारी समय पर पोर्टल में दर्ज करने तथा जनदर्शन में प्राप्त सभी आवेदनों का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### 8 लीटर महुआ शराब के साथ कोचिया पकड़ाया

**कोरर।** कोरर पुलिस ने अवैध महुआ शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ग्राम बाबूदबेना निवासी 35 वर्षीय लोकेश नेताम को गिरफ्तार किया है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने उसके घर में दबिश देकर 8 लीटर हाथ भट्ठी से निर्मित देशी महुआ शराब, जिसकी कीमत लगभग 800 रुपए जब्त की। आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) के तहत अपराध दर्ज कर न्यायिक कार्रवाई की गई।

## जिला पंचायत सदस्य नीलम चंद्राकर ने निर्माण एजेंसी पर लगा गंभीर आरोप

# गर्डर टूटने से 46 करोड़ की परियोजना पर उठे सवाल, निर्माण व्यवस्था कठघरे में

### मेघा महानदी पुल हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

महासमुंद, गरियाबंद, रायपुर, धमतरी और ओडिशा को जोड़ने वाले महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग मेघा महानदी पर निर्माणाधीन पुल में 10 से 12 टन वजनी गर्डर गिरकर टूटने की घटना ने करोड़ों रुपये की परियोजना की गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों और निगरानी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। करीब 46.97 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे इस पुल का निर्माण कार्य 8 जनवरी 2025 से जारी है। निर्माण के दौरान ही भारी-भरकम गर्डर के टूटने से अब पूरे प्रोजेक्ट की कार्यप्रणाली जांच के दायरे में आ गई है।

घटना के बाद निर्माण स्थल का निरीक्षण करने पहुंचे जिला पंचायत सदस्य नीलम चंद्राकर ने निर्माण एजेंसी पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि गर्डर टूटने के बाद उसके मलबे को मशीनों से दबाकर जमीन में मिलाने का प्रयास किया गया। उनका कहना है कि यदि निर्माण सामग्री और तकनीकी प्रक्रिया निर्धारित मानकों के अनुरूप होती तो क्षतिग्रस्त गर्डर को जांच के लिए सुरक्षित रखा जाता। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष तकनीकी जांच और जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की है।





### डायवर्सन रोड भी बना परेशानी का कारण

पुल निर्माण में देरी के साथ डायवर्सन मार्ग की स्थिति भी लोगों की परेशानी बढ़ा रही है। ग्रामीणों के अनुसार करीब साढ़े पांच करोड़ रुपये की स्वीकृति के बावजूद लंबे समय तक सड़क निर्माण नहीं किया गया और बाद में मिट्टी-मुरूम डालकर अस्थायी व्यवस्था कर दी गई, जो बारिश में खराब हो चुकी है। इसके कारण मेघा से कुरूद की करीब 12 किलोमीटर दूरी के लिए लोगों को लगभग 40 किलोमीटर अतिरिक्त सफर करना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों ने पूरे प्रोजेक्ट की उच्च स्तरीय तकनीकी जांच, गुणवत्तापूर्ण निर्माण और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### हैवी क्रेन से चढ़ाया जा रहा था गर्डर

27 जून को पुल के पिलर पर गर्डर स्थापित करने का काम चल रहा था। दो हैवी क्रेन की सहायता से गर्डर को ऊपर उठाकर लगाया जा रहा था, तभी अचानक संतुलन बिगड़ने से वह नीचे गिर गया और कई टुकड़ों में क्षतिग्रस्त हो गया। राहत की बात रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन घटना ने पुल की मजबूती और भविष्य में भारी वाहनों के आवागमन को लेकर चिंता बढ़ा दी है।

### तकनीकी निगरानी पर भी खड़े हुए सवाल

इस मामले में सबसे बड़ा सवाल विभागीय मॉनिटरिंग को लेकर उठ रहा है। आरोप है कि हादसे के समय तकनीकी अधिकारी मौके पर मौजूद नहीं थे और महत्वपूर्ण कार्यों की निगरानी में लापरवाही बरती गई। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यह पुल भविष्य में हजारों वाहनों का भार उठाएगा, इसलिए निर्माण गुणवत्ता से किसी भी स्तर पर समझौता बड़े खतरे को जन्म दे सकता है।

# पारिवारिक विवाद में बिजली टावर पर चढ़ना पड़ा महंगा



- बार-बार ड्रामा करने वाला युवक जेल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

भखारा थाना क्षेत्र के ग्राम भेंड्रा में पारिवारिक विवाद के चलते हाईटेंशन ट्रांसमिशन टावर पर चढ़ने वाले युवक को न्यायालय से जमानत नहीं मिली। प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के बाद उसे जेल भेज दिया गया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम भेंड्रा निवासी यादराम साहू रविवार की शाम करीब 5 बजे गांव के पास स्थित बिजली टावर पर चढ़ गया था। करीब 60 फीट ऊंचाई पर युवक को बैठा देखकर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची भखारा पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से युवक को समझाइश दी। करीब ढाई घंटे की मशक्कत के बाद युवक सुरक्षित नीचे उतरा, जिसके बाद पुलिस उसे थाने लेकर गई। ग्रामीणों के अनुसार युवक ने दो शादी की है और वह दोनों पत्नी को एक साथ रखने की जिद कर रहा था। इसी बात को लेकर परिवार में विवाद की स्थिति बनी रहती है। बताया गया कि 38 दिनों के भीतर यह दूसरी बार है जब युवक ने टावर पर चढ़कर हंगामा किया।



भखारा थाना प्रभारी शरद ताम्रकार ने बताया कि युवक के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया गया था। सोमवार को जमानत नहीं मिलने पर उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस ने कहा कि इस तरह के कदम से जनसुरक्षा को खतरा हो सकता है।

### डॉ. अरुण, डॉ. एसके और डॉ. किशोर की निःस्वार्थ सेवा ने बदली नगरी-सिहावा की स्वास्थ्य तस्वीर

# तीन डॉक्टर वनांचल के हजारों परिवारों के लिए बने संजीवनी

हरिभूमि न्यूज ⏭सांकरा/नगरी

राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर नगरी-सिहावा के बीहड़ जंगलों से निकलकर आई हैं सेवा, त्याग और जज्बे की तीन ऐसी कहानियां, जो डॉक्टर को धरती का भगवान कहने वाली बात को सच साबित करती हैं। सिविल अस्पताल नगरी के डॉ. अरुण नेताम, पीएचसी बेलर के डॉ. एसके नाग और पीएचसी सांकरा के डॉ. किशोर साहू पिछले 8 से 40 सालों से वनांचल के हजारों परिवारों के लिए संजीवनी बने हुए हैं। सीतानदी-उदंती टाइगर रिजर्व से सटे नगरी-सिहावा के 60 से ज्यादा गांव आज भी सड़क, मोबाइल नेटवर्क और बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। बरसात में ये गांव टापू बन जाते हैं। ऐसे में इन तीनों जीवनदाता डॉक्टरों ने न सिर्फ हजारों जिंदगियां बचाई हैं, बल्कि शासकीय स्वास्थ्य व्यवस्था के प्रति लोगों का विश्वास भी दोबारा कायम किया है।

### 25 साल से एक भी जच्चा को नहीं लौटाया

नगरी सिविल अस्पताल के 50 बेड का मेटरनिटी वार्ड डॉ. अरुण नेताम के भरोसे चलता है। ओडिशा के सीमावर्ती गांवों से लेकर सिहावा के अंतिम छोर तक की गर्भवती महिलाएं नेताम सर हैं न कहकर निश्चिंत हो जाती हैं। पिछले 25 साल में 20 हजार से ज्यादा सुरक्षित प्रसव कराए। हर महीने औसतन 80-100 नॉर्मल डिलीवरी और 25-30 हाई-रिस्क सीजेरियन। एक भी ऐसा मामला नहीं जहां डॉक्टर की अनुपलब्धता से जच्चा-बच्चा की मौत हुई हो। रात 1 बजे फोन आते ही 10 मिनट में अस्पताल पहुंच जाते हैं।


डॉ. अरुण नेताम

### ऐसे दौर से पदस्थ तब सड़कें तक नहीं थीं

जब डॉ. एसके नाग की पहली पोस्टिंग बेलर में हुई, तो यहां पहुंचने के लिए सड़क नहीं थी। नदी-नाले उफान पर हों तो 4-4 दिन गांव से कट जाते थे। नक्सल मूवमेंट चरम पर था। कई डॉक्टरों ने जॉइन करने से मना कर दिया। लेकिन डॉ. नाग डटे रहे। 80-90 के दशक में बेलर मलेरिया और डायरिया का हॉटस्पॉट था। डॉ. नाग ने घर-घर जाकर दवा बांटी, कुएं में क्लोरीन डलवाई। आज बेलर मलेरिया मुक्त है। 2020 में शासकीय सेवा से रिटायर हुए, लेकिन बेलर छोड़कर नहीं गए। स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट काम के लिए राष्ट्रपति ने सम्मानित किया। राज्य सरकार ने लाइफ टाइम अचीवमेंट दिया। डॉ. नाग कहते हैं कि सबसे बड़ा अवार्ड तब मिलता है जब कोई मां कहती है - डॉक्टर साहब, आपके कारण मेरा बच्चा जिंदा है'।


डॉ. एसके नाग

### 8 साल में पीएचसी को बना दिया एम्स, जीत चुके 2 राष्ट्रीय अवार्ड

जब डॉ. किशोर साहू ने पीएचसी सांकरा जॉइन किया, तो बिल्डिंग की हालात बहुत अच्छी नहीं थी, बाउंड्रीवाल नहीं थी, दवाइयां नहीं थीं, मरीज आते नहीं थे। 8 साल में उन्होंने इसे कायाकल्प कर दिया। आज यह पीएचसी सुविधाओं में निजी नर्सिंग होम को टक्कर देता है।डॉ. साहू के नेतृत्व में पीएचसी सांकरा ने 2023 में कायाकल्प अवार्ड और 2025 में एनक्यूएएस सर्टिफिकेशन जीता। ग्राम पंचायत सांकरा को स्वास्थ्य ग्राम का राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिला।


डॉ. किशोर साहू

# समाजहित में कार्य करने पदाधिकारियों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी/नगरी

- गंधर्व समाज के गणेशराम जिलाध्यक्ष बने

गंधर्व समाज की जिला इकाई का गठन समाज के विकास, एकता और उत्थान के लिए किया गया। दीनदयाल गंधर्व जिला संरक्षक, गणेशराम जिलाध्यक्ष, कपिल चालाकी उपाध्यक्ष, भोज सोनवानी जिला मीडिया प्रभारी, बसंत सचिव, नरोत्तम मांडवी सहसचिव, गोपाल राम बघेल कोषाध्यक्ष तथा शंकर देवदास सलाहकार बनाए गए। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने समाज के हित में निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य करने की शपथ ली।



जिलाध्यक्ष गणेश राम ने कहा कि गंधर्व समाज की एकता और प्रगति हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। समाज के प्रत्येक वर्ग को साथ लेकर शिक्षा, सामाजिक विकास और संगठनात्मक मजबूती के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे। संरक्षक दीनदयाल गंधर्व ने कहा कि समाज की मजबूती आपसी सहयोग और एकता से ही संभव है। नई कार्यकारिणी समाज के हितों की रक्षा करते हुए विकास के नए आयाम स्थापित करेगी। समाज के युवाओं को आगे बढ़ाने तथा सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे।

### छबिलाल बने शाला विकास समिति के उपाध्यक्ष



**अंवरी।** बिसाहू सिंह गौर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भखारा में शाला विकास समिति का गठन किया गया। उपाध्यक्ष पद के लिए दो नाम छबिलाल निर्मलकर और चेतन साहू सामने आए जिसमें छबिलाल निर्मलकर उपाध्यक्ष चुने गए।

REGULAR CLASSES STARTING SOON!
PIONEER FOUNDATION OF HIGHER EDUCATION
B.Sc. IN YOGA
B.A. IN YOGA
P.G.D.Y.N. POST GRADUATE DIPLOMA IN YOGA & NATUROPATHY
OLD DAJI MARATHI SCHOOL MARATHAPARA, DHAMTARI (C.G.)
CONTACT US:
+91: 8450022865, 9203563863, 9203622865, 9203722865 pioneerfound@email.com
ENROLL TODAY FOR A HEALTHY FUTURE!

### वटवृक्ष को कच्चा धागा बांधा, विधि-विधान से की पूजा अर्चना

# सुहागिन महिलाओं ने पति की लंबी उम्र मांगी

**धमतरी।** सोमवार को ज्येष्ठ पूर्णिमा पर सुहागिन महिलाओं ने वट वृक्ष की विधि-विधान से पूजा अर्चना की। शहर सहित गांवों में बरगद वृक्ष के पूजा पाठ का सिलसिला जारी रहा। पं. कमलेश शास्त्री ने बताया कि ज्येष्ठ पूर्णिमा का अत्यंत विशेष और पवित्र महत्व है। इस दिन भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की उपासना की जाती है। उन्होंने बताया कि ज्येष्ठ पूर्णिमा को ही वट पूर्णिमा के रूप में मनाया जाता है जिसमें सुहागिन महिलाएं पति की लंबी आयु और उत्तम स्वास्थ्य के लिए बरगद पेड़ की पूजा करती हैं। इस महीने में प्रचंड गर्मी होती है इसलिए इस दिन जरूरतमंदों को पानी, शरबत, अन्न, छाता और वस्त्रदान करने का महत्व है। पवित्र नदी या घर में गंगा जल मिश्रित जल से स्नान करना शुभ माना जाता है। घरों और मंदिरों में सत्यनारायण कथा का आयोजन करना चाहिए। उन्होंने बताया कि पूर्णिमा के दिन चंद्रमा अपनी सोलह कलाओं से परिपूर्ण होता है। शाम को चंद्रोदय के समय उन्हें अर्ध्य देने से मानसिक शांति और चंद्रदोष दूर होता है। सोमवार को अंचल के विभिन्न स्थानों पर सुहागिन महिलाओं ने सोलह श्रृंगार किया और वटवृक्ष को कच्चा धागा बांधकर उसकी सात परिक्रमा की।



# गोपालपुरी स्कूल में प्रवेश उत्सव के साथ गणवेश वितरित

**धमतरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोपालपुरी में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाला विकास समिति के अध्यक्ष रामकृष्ण साहू ने की। जिला पंचायत प्रतिनिधि भूमेश साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष बालाराम साहू, सरपंच कुंती देवदास, गजेंद्र देवांगन, मेवालाल साहू, त्रिलोचन साहू, दीनदयाल साहू, संतोषी साहू, जानकी साहू, सेवाराम पटेल भी मौजूद थे। अतिथियों ने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर अनुशासन और परिश्रम के साथ आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी। कक्षा 10वीं एवं 12वीं में अच्छे अंक से उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया। आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को गणवेश प्रदान किया गया। प्राचार्य ने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम की जानकारी दी।



चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
विशेषताएं-
स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)

डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
15 सितम्बर, 26 सितम्बर,10 अक्टूबर, 22 अक्टूबर, 2026, 02 मई 2027
राशि:-स्लीपर-17,500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411